# मोहे माखन आज खिला दे राधे बरसाने वारी भजन लिरिक्स

मोहे माखन आज खिला दे,
राधे बरसाने वारी,
बरसाने वारी ओ राधे,
बरसाने वारी,
मोहें माखन आज खिला दे,
राधे बरसाने वारी,
मोहे छोड़ दे कान्हा जाने दे,
वरना दूंगी गारी,
दूंगी मैं गारी ओ कान्हा,
दूंगी मैं गारी,
मोहें माखन आज खिला दे,
राधे बरसाने वारी।bd।

---

चोरी चोरी माखन बेचन,
जावे तू प्यारी,
तेरी भरी मटकिया फोडूं,
ब्रज में शोर मचे भारी,
मोहें माखन आज खिला दे,
राधे बरसाने वारी।bd।

---

मोसे झगड़ो ठीक नहीं,
सुन नटवर गिरधारी,
मोरी मटकी फोड़ दई कान्हा,
क्यों कंकरिया मारी,
मोहे छोड़ दे कान्हा जाने दे,
वरना दूंगी गारी।bd।

---

मो को चोर बताती मिलकर,
सब ब्रज की नारी,
तेरो आज चले ना जोर,
तू सुनले राधे नखरारी,
मोहें माखन आज खिला दे,
राधे बरसाने वारी।bd।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

करूँ शिकायत मैया से,
कान्हा जाकर सारी,
कहे 'भीमसेन' माँ बिगड़ गयो,
तेरो यो बनवारी,
मोहे छोड़ दे कान्हा जाने दे,
वरना दूंगी गारी।bd।

---

मोहे माखन आज खिला दे,
राधे बरसाने वारी,
बरसाने वारी ओ राधे,
बरसाने वारी,
मोहें माखन आज खिला दे,
राधे बरसाने वारी,
मोहे छोड़ दे कान्हा जाने दे,
वरना दूंगी गारी,
दूंगी मैं गारी ओ कान्हा,
दूंगी मैं गारी,
मोहें माखन आज खिला दे,
राधे बरसाने वारी।bd।

**Singer – Lalit Sharma**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com